पत्रांक–2 / वि.60–37 / 2024–154 /

बिहार सरकार

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

(सांस्कृतिक कार्य निदेशालय)

प्रेषक,

रूबी भा0प्र0से0,
निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
उद्योग विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 22/02/2024

विषयः– श्री ललन कुमार सरार्फ, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–1 / 206 / 602 के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में निवेदनपूर्वक कहना है कि बिहार विधान परिषद के माध्यम से श्री ललन कुमार सरार्फ, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–1 / 206 / 602, जो 'माटी कला बोर्ड के गठन' से संबंधित है, का विषय उद्योग विभाग से है, को मूलरूप में संलग्न कर हस्तानांतरित किया जाता है।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

निदेशक, सांस्कृतिक कार्य।

बिहार विधान परिषद प्रश्न

1/206/602

माटी कला बोर्ड का गठन

08/02/2024 20/02/2024

*1/206/602 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत)

कला, संस्कृति एवं युवा

क) क्या यह सही हैं कि बिहार के करोड़ों कुम्भकार समाज के लोगों का जीविकोपार्जन का आधार मिट्टी के बर्त्तन बनाना है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2019 में पड़ोसी राज्य झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार तथा अन्य राज्यों द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि कुम्भकार समाज के जीवन स्तर में सुधार एवं अन्यान्य समस्याओं के निदान के सुझाव हेतु माटी कला बोर्ड का गठन बिहार जैसे प्रदेश में अति आवश्यक है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार में माटी कला बोर्ड का गठन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?